उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
Uttarakhand Subordinate Services Selection Commission

पत्रांक/Ref. No. : 249 दिनांक/Date : 24-09-2021

संवाद– 159

विषय :– वन आरक्षी (पदकोड–102) के पद पर चयनित अभ्यर्थियों के दिनांक 28–09–2021 से दिनांक 11–10–2021 तक अभिलेख सत्यापन हेतु निर्धारित स्थान परिवर्तन के संबंध में।

प्रिय अभ्यर्थियों,

आयोग के विज्ञप्ति/अधिसूचना संख्या–217 दिनांक 10–09–2021 के द्वारा **वन आरक्षी (पदकोड–102)** पदों पर लिखित परीक्षा एवं शारीरिक नाप–जोख दक्षता परीक्षा के आधार पर अभिलेख सत्यापन हेतु निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार जारी **औपबन्धिक श्रेष्ठता** सूची के अनुसार चयनित/ सम्मिलित अभ्यर्थियों का अभिलेख सत्यापन **ट्रांजिट हॉस्टल, चन्द्रबनी, वाइल्ड लाईफ इन्स्टिट्यूट ऑफ इण्डिया रोड़, नियर वन निगम डिपो, देहरादून, 248002** कार्यालय में रखा गया था।

आयोग के द्वारा अभिलेख सत्यापन स्थल का निरीक्षण करने पर पाया गया कि सत्यापन के समय इण्टरनेट सर्वर एवं कम्प्यूटर इन्स्टॉलेशन आदि में परेशानी होने की सम्भावना होगी। इस दृष्टि से अभिलेख सत्यापन हेतु निर्धारित स्थल के स्थान पर अभिलेख सत्यापन **उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग निकट–महाराणा प्रताप स्पोटर्स कालेज, थानों रोड़, रायपुर, देहरादून** कार्यालय में ही किया जायेगा। अभिलेख सत्यापन कार्यक्रम वहीं जो पूर्व में निर्धारित है, उसमें कोई परिवर्तन नहीं किया गया है।

अतः समस्त चयनित अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि आयोग के द्वारा जारी अधिसूचना/विज्ञप्ति के अनुसार **वन आरक्षी (पदकोड–102)** में चयनित अभ्यर्थियों का पूर्व निर्धारित कार्यक्रम (तिथिवार) के अनुसार अभिलेख सत्यापन आयोग कार्यालय में किया जायेगा। अन्य शर्तें पूववर्त की भाँति यथावत रहेंगी। सभी अभ्यर्थियों से यह अनुरोध है कि वे अभिलेख सत्यापन की यह सूचना अपने निकट के सभी अन्य अभ्यर्थियों को भी कृपया दे दें, जिससे चयन सूची में सम्मिलित सभी अभ्यर्थियों को इसकी जानकारी हो जाय। स्थान परिवर्तन के संबंध में SMS से भी सूचना दी जा रही है।

आयोग की ओर से,

24/9

(संतोष बडोनी)
सचिव